वर्ष - 01 | अंक - 96 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 22 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

DIGITAL - EPAPER

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890



**नवरात्र विशेष : हाड़ाओं की कुलदेवी, भक्तों की आस्था - जोगणिया माता**

# नवरात्र पर लाखों श्रद्धालुओं का आस्था स्थल, यहाँ बलि से भक्ति तक की यात्रा दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं

( रमेश गुर्जर )। शारदीय नवरात्रि में भक्त देवी मां की कृपा पाने के लिए विभिन्न तरह की साधनाएँ करते हैं, पर राजस्थान की धरती पर एक ऐसा शक्तिपीठ है, जहां सिर्फ श्रद्धा ही नहीं, बल्कि अनूठी परंपराएँ भी आस्था का हिस्सा बन चुकी हैं। भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ की सीमा पर, अरावली की पहाड़ियों के बीच स्थित जोगणिया माता मंदिर भक्तों के विश्वास का ऐसा केंद्र है, जहां इतिहास, लोककथाओं और चमत्कारों का संगम दिखाई देता है।

## 12 सौ साल पुराना इतिहास और लोककथा

कहा जाता है कि यह मंदिर लगभग 1200 वर्ष पुराना है। 9वीं शताब्दी में बंबावतगढ़ पर हाड़ा वंश का शासन था और जोगणिया माता उनकी कुलदेवी मानी जाती थीं। लोककथाओं के अनुसार राव देवा हाड़ा ने अपनी पुत्री के विवाह पर देवी अन्नपूर्णा को आमंत्रित किया। देवी जोगिन रूप में विवाह में पहुँचीं, परंतु उनका सम्मान न हो सका। इससे वे रुष्ट हुईं और तभी से माता का नाम जोगणिया माता प्रसिद्ध हुआ। मंदिर के समीप ही हाड़ा राजाओं का ऐतिहासिक किला बंबावतगढ़ आज भी उनके वैभव की गवाही देता है। वर्षा ऋतु में मंदिर के नीचे 300 फीट गहरी खाई में झरना गिरता है, जो यहां की प्राकृतिक सुंदरता में चार चाँद लगा देता है।

## पशु बलि और जुबान चढ़ाने जैसी थी परंपरा

एक समय यहां मनोकामना पूरी होने पर पशु बलि और जुबान चढ़ाने जैसी रूढ़ियाँ प्रचलित थीं। 1896 में बेगूं के तत्कालीन रावजी ने जुबान काटने की कुप्रथा पर रोक लगाने का आदेश जारी किया। इसके बाद 1974 में जैन साध्वी यशकंवरजी और समाजसेवी स्व. रामचंद्र शर्मा के प्रयासों से यहां पशु बलि पर भी पूर्ण विराम लगा।

रामचंद्र शर्मा ने एक विवाद के समय साहसिक घोषणा की -बकरे की बलि से पहले मेरी गर्दन काटो । उनकी इस दृढ़ता के बाद सैकड़ों बकरे बलि से बचाए गए। उसी साल बलि प्रथा समाप्त हुई और मंदिर परिसर को भक्ति और स्वच्छता का पवित्र स्थल बनाने की दिशा में कदम बढ़े।

## हथकड़ी चढ़ाने की अनोखी परंपरा

जोगणिया माता मंदिर की सबसे अनूठी परंपरा है हथकड़ी चढ़ाना। माना जाता है कि बरसों पहले यह इलाका चोर-डकैतों का अड्डा था। पकड़े जाने के बाद जब वे जेल से छूटकर लौटते, तो अपनी हथकड़ियां यहां चढ़ाकर अपराध न करने का संकल्प लेते थे। आज भी भक्त अपनी मनोकामनाएं पूरी होने पर माता के चरणों में हथकड़ी अर्पित कर व्रत निभाते हैं।

## नवरात्र में लगता है विशाल मेला , लाखो श्रध्दालू पहुंचते है दर्शन करने -

शारदीय और चैत्र दोनों नवरात्रों पर मंदिर में विशाल मेला लगता है। अष्टमी, नवमी और शनिवार-रविवार को लाखों श्रद्धालू यहां पहुंचते हैं। रंग-बिरंगी चुनरियों, ढोल-नगाड़ों और घंटियों की गूंज से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठता है। यहां माता लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के स्वरूप में विराजित हैं, जबकि परिसर में 64 64 योगिनियों की प्रतिमाएं स्थापित हैं।

## शारदीय नवरात्र पर मंदिर में होंगे कई कार्यक्रम, श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर जोगणिया माता शक्ति पीठ में 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक नौ दिवसीय धार्मिक महोत्सव आयोजित किया जाएगा। शक्ति पीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 22 सितंबर, सोमवार को दोपहर 12:15 बजे घट स्थापना और ध्वजा रोहण से होगा।

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 12 बजे तक श्रृंगार पूजन और आरती- दर्शन होंगे। हर दिन पंचकुण्डीय महायज्ञ एवं शतचंडी पाठ सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होंगे। वहीं दोपहर 12:15 बजे से 3:15 बजे तक श्रीमद देवी भागवत कथा का आयोजन होगा। शाम को 8 बजे रामलीला मंचन और 26 से 30 सितंबर तक रामलीला के बाद भजन संध्या का आयोजन होगा।

वेद स्कूल के छात्र प्रतिदिन चतुर्वेद मंत्रोच्चारण करेंगे। दुर्गा अष्टमी पर 29 सितंबर को महारात्रि जागरण होगा, जिसमें पूरे रात मंदिर में दर्शन की व्यवस्था रहेगी। महोत्सव का समापन 1 अक्टूबर को हवन, पूजन और कन्या भोज के साथ किया जाएगा। समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और प्रसाद वितरण के लिए विशेष इंतजाम किए हैं।

# बजरी कार्रवाई के दौरान हंगामा, महिलाओं का विरोध - सादा वर्दी में पहुंचे जवान ने ग्रामीणों पर तानी बंदूक



पुलिस जवान ने तानी बंदूक



चांदगढ़ में कार्रवाई का विरोध करती महिलाएं

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। क्षेत्र के चांदगढ़ गांव में रविवार सुबह अवैध बजरी पर कार्रवाई के दौरान बड़लियास थाना पुलिस और डीएसटी टीम को ग्रामीणों और महिलाओं के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई के दौरान माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया जब एक जवान ने कथित तौर पर विरोध कर रही महिलाओं और ग्रामीणों पर बंदूक तान दी। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी और पुलिस ग्रामीण आमने सामने हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टीम गांव में घर के बाहर खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाने ले जाने लगी। इस पर ग्रामीणों और महिलाओं ने रास्ता रोक लिया। महिलाएं ट्रैक्टर पर चढ़कर विरोध जताने लगीं। आरोप है कि इसी बीच सादी वर्दी में मौजूद एक जवान ने भीड़ को डराने के लिए बंदूक तान दी, जिससे अफरातफरी मच गई।

बड़लियास थाना एएसआई जेठमल ने बताया कि रविवार सुबह डीएसटी टीम को बनास नदी किनारे अवैध बजरी खनन की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस और डीएसटी टीम मौके पर पहुंची और बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ने का प्रयास किया। एक ट्रैक्टर मौके से जब्त कर लिया गया, जबकि दूसरा चालक ट्रॉली को खाली कर चांदगढ़ की ओर भाग निकला। बाद में उसे भी पकड़ लिया गया और दोनों वाहनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया।

दूसरी ओर, ग्रामीण देवकिशन जाट ने आरोप लगाया कि उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली घर के बाहर खाली खड़ी थी, लेकिन पुलिस और डीएसटी टीम उसे जबरन थाने ले गई। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं ने विरोध किया तो टीम के एक जवान ने बंदूक तानकर धमकाया। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि बड़लियास क्षेत्र में बेड़च नदी के नाके से रात में दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां निकलती हैं, लेकिन वहां कोई कार्रवाई नहीं होती। इससे पुलिस और डीएसटी टीम पर सांठ-गांठ के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों और पुलिस के बीच हुई इस नोकझोंक के बाद चांदगढ़ गांव में दिनभर चर्चा का माहौल रहा।

# चित्तौड़गढ़-उदयपुर हाईवे पर तेज रफ्तार कार कंटेनर से टकराई, कपल की मौके पर मौत

**गुजरात से घूमने आए थे , क्रेन से निकाले गए शव**



भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़

चित्तौड़गढ़-उदयपुर सिक्स-लेन हाईवे पर रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में गुजरात से घूमने आए एक कपल की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना उस समय हुई जब दिलीप कुमार 34 और उनकी महिला मित्र किंजल बामनिया 32 की तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से जा टकराई, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

भदेसर थाना के एएसआई निहाल सिंह ने बताया कि हादसा हाज्याखेड़ी पुलिया के पास कृष्णा होटल के सामने हुआ। तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग और होटल स्टाफ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को कंटेनर से बाहर निकाला, जहाँ दोनों के शव मिले। थानाधिकारी ने बताया कि कंटेनर चालक ने होटल देखकर अपना वाहन सड़क किनारे खड़ा किया था। पुलिस के अनुसार, हादसा ओवरटेक करने की कोशिश या चालक की झपकी के कारण हुआ हो सकता है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने कार और कंटेनर को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सवाईपुर में 7 वां वार्षिक रक्तदान शिविर आयोजित, 53 यूनिट रक्त एकत्रित



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)** शहीद जवानों की पुण्यस्मृति में ग्रामीणों एवं सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन भीलवाड़ा की ओर से रविवार को जीत्या गांव में 7वां वार्षिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 53 यूनिट रक्तदान किया, जिसमें 4 लोगों ने दुर्लभ रक्त समूह का योगदान दिया।
फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि शिविर में प्रकाश उर्फ दया शर्मा ने 15वीं बार, भैरु नोरिया 9वीं बार, शिवनारायण व्यास 10वीं बार, जबकि राकेश शर्मा और संजय शर्मा 7वीं बार रक्तदान किया। साथ ही, भैरु शंकर शर्मा ने प्रथम बार रक्तदान किया और उदय लाल धीनवत ने विशेष सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, गेगा खेड़ा प्रशासक शंकर लाल शर्मा, आकोला प्रशासक शिव जाट, जीवा का खेड़ा पूर्व सरपंच शोभा लाल जाट सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। शिविर में कैलाश तेली, शिव साहू, भगवान जाट, कासीराम जोशी, मुकेश व्यास, भेरू तिवाड़ी, शांति लाल सालवी, बबलू खटीक, संजय जाट, उदय लाल, गजानंद चंपावत और पंकज शर्मा ने रक्तदान कर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा, रेनवास, जीत्या, सूठेपा, उदलियास माफी सहित आसपास के कई गांवों से लोग शिविर में रक्तदान करने पहुंचे। संस्थान की ओर से हेमंत गर्ग ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और उनका हौसला बढ़ाया।

# संघ शताब्दी वर्ष पर आकोला में पथ संचलन, पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत



भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**जसवंत पारीक ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अमृत महोत्सव के तहत बीगोद खंड के आकोला ग्राम में रविवार को स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला। पंच परिवर्तन अभियान के संदेश के साथ मां भारती की जय-विजय का संकल्प हृदय में लिए स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में मार्च करते नजर आए।
संचलन राजकीय विद्यालय परिसर से प्रारंभ हुआ और आकोला के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय पर समाप्त हुआ। गांववासियों ने पूरे उत्साह से पथ संचलन का स्वागत किया। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया गया और देशभक्ति के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।
इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भारत को पुनः आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संगठित होकर प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

# फलाहारी जी महाराज की पुण्यस्मृति में शोभायात्रा, सोमवार से रामचरितमानस पाठ



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां

**(नरेश धाकड़)।** गुरुदेव फलाहारी जी महाराज की पुण्यस्मृति और आश्विन नवरात्र के अवसर पर रविवार को नगर में भव्य रामायणजी की शोभायात्रा और कलश यात्रा निकाली गई। यह आयोजन सोमवार से जागेश्वर महादेव मंदिर में शुरू होने वाले श्री 108 रामचरितमानस पाठ के शुभारंभ से पूर्व हुआ।
शोभायात्रा श्री चारभुजा मंदिर से आरंभ होकर सदर बाजार, पंचायत चौक, सब्जी मंडी और तेजाजी चौक होते हुए जागेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। श्रद्धालु चांदी के विमान में विराजमान ठाकुरजी और श्रीराम दरबार की झांकी के साथ चल रहे थे। बैंड पर बज रहे भजनों की धुन पर भक्तजन नाचते-गाते चारभुजानाथ और गुरुदेव के जयकारे लगा रहे थे। महिलाएं सिर पर कलश धारण कर परंपरागत अंदाज में यात्रा में शामिल हुईं।
आयोजन समिति के अनुसार सोमवार सुबह 7 बजे से प्रतिदिन 108 पाठक एक साथ श्रीरामचरितमानस के नवाह्न पारायण का पाठ करेंगे। प्रत्येक दोहा-चौपाई पर यज्ञ में आहुतियां दी जाएंगी। दोपहर 2 बजे पंडित ओमप्रकाश वैष्णव कथा वाचन करेंगे। 1 अक्टूबर को पूर्णाहुति के बाद जागेश्वर महादेव मंदिर से पुनः श्री चारभुजा मंदिर तक शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# चारभुजानाथ के दरबार में अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्तों ने घंटों कतारों में इंतज़ार कर किए दर्शन

## एक माह में भगवान को 63 लाख 77 हज़ार रुपए सहित सोने चाँदी के आभूषण का चढ़ा चढ़ावा







भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**(राजेन्द्र बबलू पोखरना)**- मेवाड़ के ऐतिहासिक तीर्थ स्थल भगवान श्रीचारभुजानाथ के दरबार में अमावस्या पर श्रद्धालुओं का ताता लगा। सुबह से भक्त मन्दिर पहुंचना शुरू हुए और दोपहर तक लंबी दूरी की पदयात्रा कर प्रभु के चरणों में मत्था टेका।
सुबह भगवान का मंत्रोच्चारण और दुग्धाभिषेक किया गया, इसके बाद उन्हें स्वर्णाभूषणों से सजाया गया और महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालु घंटों कतार में खड़े होकर दर्शन करने को मजबूर रहे। भीड़ के चलते मन्दिर परिसर और आसपास के बाजार में पैदल चलने में परेशानी रही और आम रास्तों पर जाम की स्थिति बन गई। मंदिर परिसर में भजन कलाकारों ने चारभुजानाथ, भोलेनाथ और अन्य देवी-देवताओं पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी, जिसमें श्रद्धालु झूमते रहे। इसी दौरान मन्दिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों और भक्तों की मौजूदगी में भेंटपात्र खोले गए। पेंशनर समाज के सदस्यों ने नोटों की गिनती की, जिसमें इस बार 63 लाख 77 हज़ार 79 रुपये नगद मिले। इसके साथ ही 12.520 ग्राम सोना और 390.98 ग्राम चाँदी के आभूषण भी दर्ज किए गए। श्रीचारभुजा मन्दिर ट्रस्ट के कर्मचारी और पुलिस प्रशासन दिनभर श्रद्धालुओं को समुचित सुविधा प्रदान करते रहे। श्रद्धालुओं ने कहा कि अब तक एक माह में इतनी बड़ी राशि कभी नहीं मिली। आस्था बढ़ने के कारण भेंट पात्र में राशि लगातार बढ़ती जा रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर प्रदर्शनी और समीक्षा बैठक आयोजित, सीपी और कैलाश ने दिया मार्गदर्शन






भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भाजपा जिला कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और उनके जनहित कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में किया। इसके बाद सांसद जोशी मुख्य वक्ता के रूप में समीक्षा बैठक में शामिल हुए और कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया।
कार्यक्रम के दौरान पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री और मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का भी भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को ऐसा व्यवहार रखना चाहिए कि आमजन कार्यकर्ता को पहचाने और कार्यकर्ता आमजन को। विजयवर्गीय ने योजना बनाकर आमजन तक राज्य सरकार और केंद्र की योजनाओं को पहुँचाने पर जोर दिया। सांसद सीपी जोशी ने समीक्षा बैठक में कहा कि सेवा पखवाड़े, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और जीएसटी रिफॉर्म अभियान की सफलता के लिए आमजन से कनेक्टिविटी और कार्यकर्ताओं के बीच नेटवर्किंग जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य से जनता को जोड़ना होगा ताकि हर नागरिक इस उपलब्धि में अपना योगदान महसूस कर सके। बैठक की शुरुआत जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रमों की रिपोर्ट और आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए की। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया, जबकि आभार जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक जब्बरसिंह सांखला, लादूलाल पीतलिया, उदयलाल भडाना, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, महापौर राकेश पाठक, वरिष्ठ नेता सूरज, जिला महामंत्री अविनाश जीनगर , जिला प्रवक्ता अंकुर सहित अन्य पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए सीपी जोशी और कैलाश विजयवर्गीय ने जोर दिया कि योजनाओं की सफलता के लिए स्थानीय स्तर पर जागरूकता, आमजन की भागीदारी और पारदर्शिता जरूरी है।

# अमावस्या पर सरथला श्याम दरबार में उमड़े श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।

कस्बे से करीब पांच किलोमीटर दूर सरथला गांव के प्राचीन श्री चारभुजा नाथ मंदिर में रविवार को अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से ही भक्त ठाकुरजी के दर्शन और आशीर्वाद के लिए मंदिर परिसर में जुटने लगे।
मंदिर परिसर भक्ति के माहौल से सराबोर रहा। श्रद्धालु भजन-कीर्तन के बीच पैदल और वाहनों से पहुंचे। नाचते-गाते भक्तों ने अपनी आस्था व्यक्त की।
मंदिर समिति अध्यक्ष महावीर पंडित ने बताया कि श्री चारभुजा नाथ मंदिर धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसका जीर्णोद्धार 1844 में हुआ था। दीवारों पर चित्रकारी, कांच की जड़ाई और पारंपरिक वास्तुकला इसे आकर्षक बनाते हैं। पिछले 50 वर्षों से यहां अखंड ज्योति प्रज्वलित है, जो आस्था का प्रतीक है। ग्रामीण सूर्यप्रकाश सेन ने बताया कि यहां सच्ची श्रद्धा से की गई प्रार्थना से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। हर माह अमावस्या पर मंदिर में विशेष भीड़




रहती है। भक्तजन फल, फूल और दीपक अर्पित कर श्रद्धा व्यक्त करते हैं।



## QUICK BITES

### 84 गांवों की रक्षक देवी: बावन माता दरबार में नवरात्र में उमड़ती है श्रद्धा

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**



(**विक्रम सिंह** )। अरावली की ऊंचाई पर स्थित बावन माता मंदिर काछोला क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यह मंदिर 84 गांवों की रक्षक देवी के रूप में जाना जाता है और नवरात्र पर यहां श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। नवरात्र के दौरान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम होते हैं। क्षेत्र के घरों में भी माता की पूजा की परंपरा है, जिससे पूरे इलाके में भक्ति का माहौल बनता है। काछोला ठाकुर प्रदीप सिंह सोलंकी ने बताया कि पहले यहां पशु बलि की परंपरा थी, जिसे अब बंद कर ब्रह्मभोज और भंडारे का आयोजन किया जाता है। ग्रामीण भगवान सिंह सोलंकी ने कहा कि बावन माता मंदिर धार्मिक महत्व के साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यहां लगने वाले मेले में आसपास के गांवों के साथ अन्य जिलों से भी श्रद्धालु आते हैं। ग्रामीण मानते हैं कि माता की कृपा से क्षेत्र में शांति और समृद्धि बनी रहती है।

### श्री बाण माता शक्तिपीठ में दानपात्र खोला, 5.84 लाख रुपये निकले

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**



क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री बाण माता शक्तिपीठ मंदिर परिसर में रविवार को अमावस्या के अवसर पर दानपात्र खोला गया। इस दौरान कुल 5 लाख 84 हज़ार 744 रुपये की राशि प्राप्त हुई। संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के धार्मिक महोत्सव के आयोजन हेतु मंदिर परिसर में सफाई, रोशनी, ठहरने और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की पूरी तैयारी कर ली गई है। दान पात्र खोलते समय संस्थान कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल, बापू सिंह, शम्भु सिंह, उम्मेदसिंह, देवीसिंह, हीरा धाकड़, अशोक जीनगर, सावरमल जाट सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### खटीक समाज का गेट-टूगेदर आयोजित 72 युवक-युवतियों ने दिया परिचय

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शहर के दादाबाड़ी स्थित हनुमान मंदिर परिसर, में रविवार को श्री खटीक समाज परिणय सूत्र सेवा समिति द्वारा आयोजित गेट-टूगेदर कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 72 युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। टोंक, चित्तौड़गढ़, इंदौर, अजमेर और भीलवाड़ा जिले के आसपास के क्षेत्रों के युवक-युवतियों ने इस अवसर पर भाग लेकर जीवन साथी की तलाश की दिशा में कदम बढ़ाया।
संस्था के सदस्य शैलेन्द्र डिडवानिया ने समय पर सही जीवनसाथी चुनने की महत्ता पर एक प्रेरक कहानी साझा की। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं प्रबुद्धजन भी उपस्थित रहे। आयोजन का संचालन एडवोकेट शिवराम खोईवाल और जगदीश बुलिवाल ने किया, जबकि धन्यवाद रेखा खोईवाल ने दिया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# कोटड़ी ब्लॉक में बेसिक साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित, 3,500 ने लिया परीक्षा में भाग

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**



(**राजेन्द्र बबलू पोखरना**) ब्लॉक की 33 पंचायतों में रविवार को बेसिक साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में 3,500 लर्नर्स ने भाग लिया, जिनमें 2,108 महिलाएं और 1,392 पुरुष शामिल रहे।
पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित था, लेकिन महिलाएं अपने निजी कार्यों को छोड़कर सुबह ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गईं। दोपहर तक ब्लॉक द्वारा निर्धारित लक्ष्य पूरी तरह पूरा कर लिया गया।
मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक पारीक और ब्लॉक साक्षरता समन्वयक शांति लाल पोखरना ने बताया कि 78 वीक्षकों की उपस्थिति में परीक्षा संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि ब्लॉक में 101 वीटी निरक्षरों को साक्षर करने का कार्य कर रहे हैं। यह प्रयास सरकार द्वारा ऑनलाइन उल्लास एप से चिन्हित लर्नर्स को साक्षर बनाने के तहत किया जा रहा है।
परीक्षा से लाभान्वित लर्नर्स को आगामी परीक्षा में बैठाया जाएगा। परीक्षा में शामिल लोगों के चेहरे पर निरक्षरता के कलंक हटने की खुशी स्पष्ट नजर आई, और महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक रही।

# महुआ-मानपुरा सड़क की खस्ताहाल स्थिति पर विधायक से मिला प्रतिनिधि मंडल

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ**



कस्बे से मानपुरा तक की लंबे समय से खस्ता हाल चल रही सड़क ने राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी बढ़ा दी है। इस समस्या को लेकर महुआ के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने रविवार को विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल से मुलाकात कर सड़क की स्थिति के बारे में अवगत कराया।
प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि सड़क मार्ग पर बड़े-बड़े गहरे गड्ढे होने के कारण लोगों को रोजाना आवाजाही में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक खण्डेलवाल ने समस्या पर संज्ञान लेते हुए शीघ्र ही सड़क सुधार कार्य करवाने का आश्वासन दिया।
इस मौके पर मुकेश कुमार खटीक, रणवीर सिंह शक्तावत, दिनेश सोनी, महेंद्र वर्मा, रमेश खटीक, कृष्ण गोपाल सिंह शक्तावत, किसान संघ तहसील विधि प्रमुख चेनसुख जैन, लोकेश सोनी, सिंटू अजमेरा, उमेश जोशी, प्रहलाद वर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# पूर्व प्रदेशाध्यक्ष जोशी का मांडल में स्वागत, विधायक भडाणा द्वारा शुरू किए गए चलित उदय ई-मित्र रथ का किया अवलोकन


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी का मांडल प्रवास के दौरान विधायक उदय लाल भडाणा ने साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया।
भाजपा युवा नेता कमलेश सिंह गूड़ा ने बताया कि सांसद जोशी ने विधायक भडाणा द्वारा मांडल क्षेत्र में शुरू किए गए चलित उदय ई-मित्र रथ का अवलोकन किया। इस रथ के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक घर तक पहुंचकर लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।
विधायक भडाणा ने कहा कि यह रथ आमजन को योजनाओं का लाभ दिलाने का संकल्प है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया, कुलदीप शर्मा, बाबूलाल भडाणा, लालकृष्ण सेन, परमेश्वर लूहार, सूरज भडाणा, मुकेश गुर्जर, सांवरलाल, कन्हैयालाल गुर्जर, भेरूलाल, कैलाश गुर्जर, बिहारीलाल, हरीश पुनिया, प्रहलाद सेन, सत्यनारायण जांगिड़, भंवरलाल शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े घर में घुसा युवक, परिवार को बंदूक की नोक पर धमकाया

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



थाना क्षेत्र के आमली कला गांव में रविवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के ही एक युवक ने परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने घर में घुसकर बंदूक तान दी और पूरे परिवार को मौत के घाट उतार देने की धमकी दी। इस घटना से पूरे गांव में दहशत फैल गई।
पीड़ित प्रहलाद सुथार ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह रविवार दोपहर अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद था। तभी ग्रामीण सुरेंद्र सिंह भाटी अचानक घर आ धमका और बंदूक की नोक पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी ने फायर करने की भी कोशिश की।
घटना के दौरान जब प्रहलाद की मां बीच-बचाव करने आई तो आरोपी ने उन्हें भी धक्का देकर गिरा दिया। आरोपी लगातार पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देता रहा।
दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद गांव में भय और दहशत का माहौल बन गया। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दो माह के मासूम और सास पर बहू ने किया चाकू से हमला, खुद की भी नसें काटीं

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सदर थाना क्षेत्र के रूपाहेली गांव में रविवार रात माँ ने अपने मासूम बेटे और सास पर चाकू से हमला कर दिया । इसके बाद उसने खुद की नसें भी काट लीं। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । गंभीर हालत में तीनों को जिला अस्पताल से उदयपुर रेफर किया गया।
जानकारी के अनुसार रूपाहेली निवासी राजू जाट की पत्नी पूजा पिछले कुछ समय से अजीब हरकतें कर रही थी। रविवार रात परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे। पूजा अपनी सास गोरी देवी (45) व दो माह के बेटे के साथ कमरे में सो रही थी। देर रात अचानक उसने दोनों पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। जिससे गोरी देवी और मासूम बच्चा लहूलुहान हो गए।
इसके बाद पूजा ने खुद की नसें भी काट लीं। चीख-पुकार सुनकर जब परिवारजन पहुंचे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। किसी तरह सास गौरी दरवाजा खोला, परिजनों ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया।
पुलिस ने बताया कि तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत होने पर उदयपुर रेफर किया गया।
राजू ने बताया कि पत्नी पूजा पिछले कई दिनों से अजीब हरकतें कर रही थी, डॉक्टर को दिखाने पर उसे कोई बीमारी नहीं बताई है । सूचना पर पुलिस ने मौके पर पंहुच घटनास्थल का मौका मुआयना किया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# खेजड़ा देव नारायण मंदिर में विधायक ने दर्शन कर किया विकास कार्यों का लोकार्पण

## पंचायत क्षेत्र में करोड़ों के प्रोजेक्ट्स से मिलेगी नई रफ्तार





भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास

विधायक गोपीचंद मीणा ने रविवार को खेजड़ा स्थित देव नारायण मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद उदलियास पंचायत क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। चतरपुरा ग्राम के विद्यालय में आयोजित समारोह में उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मीणा ने भरोसा दिलाया कि उदलियास पंचायत में नई परियोजनाओं से गांवों का कायाकल्प होगा। मीणा ने उदलियास से कोदूकोटा तक की सड़क को आगामी मार्च से पहले स्वीकृत करने का आश्वासन भी दिया।

प्रशासक प्रतिनिधि लक्ष्मण गाडरी ने बताया की पंचायत उदलियास में राजपूत समाज के श्मशान के पास छतरी निर्माण, हट्टुंडी से सिदड़ियास संपर्क सड़क, चतरपुरा में सीसी चॉक व चबूतरा, सांसद दामोदर अग्रवाल के फंड से खेजड़ा में देव नारायण मंदिर, चतरपुरा में नव निर्मित छायागृह और डीएमएफटी योजना से रा.उ.प्रा.वि. चतरपुरा के नए भवन का लोकार्पण किया गया।

इसी क्रम में सरसड़ी में दीपक पुरी महाराज के संत सरोवर घाट, कोदिया-खेरुणा सड़क, सगसजी महाराज स्थान पर सीसी सड़क व ब्लॉक निर्माण तथा सार्वजनिक वाचनालय जैसी परियोजनाओं का शुभारंभ भी हुआ। विधायक ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और त्वरित निस्तारण का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के तहत क्षेत्र में हर जरूरी विकास कार्य समय पर पूरे होंगे।

प्रधान करण सिंह कानावत ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। सरपंच धापूदेवी लक्ष्मण गाडरी ने विधायक मीणा और प्रधान का आभार जताया। समारोह में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विभिन्न पंचायतों के प्रशासक, सरपंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# रंग-बिरंगे परिधानों में गरबा प्रेमियों ने बिखेरी रौनक ,रंगताली गरबा महोत्सव शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नगर माहेश्वरी महिला संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय भव्य गरबा उत्सव 'रंगताली-2025' का शुभारंभ नवरात्रि की पूर्व संध्या पर धूमधाम से हुआ। माता रानी की भव्य अगवानी और आंगना पधारो महारानी जैसे भजनों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। पहले दिन किड्स, गर्ल्स, बॉयज, लेडीज़, कपल व फैमिली राउंड्स में प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुति दी। बेस्ट स्टेप, बेस्ट ड्रेसअप और बेस्ट परफॉर्मेंस के विजेताओं को सम्मानित किया गया। पारंपरिक परिधानों में सजे युवक-युवतियों ने गरबा कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि ममता मोदानी, सीमा कोगटा, प्रीति लोहिया, भारती बहेती, राधेश्याम चेचानी, अशोक बहेती, रमेश राठी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। आयोजन में सोनल माहेश्वरी, मोना डाडा, विनीता तोषनीवाल व सहयोगी टीम ने



व्यवस्थाएँ संभालीं। पहले दिन की गरबा संध्या में हजारों दर्शक उमड़े।

# माणकपुरा में आयोजित हुई भव्य भजन संध्या, देर रात तक गूंजे श्याम भजन-पूर्व राज्य मंत्री धीरज गुर्जर रहे मौजूद

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण

**( दिनेश पारिक )** - उपखंड क्षेत्र के माणकपुरा गांव में शनिवार रात आयोजित विशाल भजन संध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का माहौल भक्तिमय और उल्लासपूर्ण रहा, जहां हर कोई श्याम भजनों की सुरमई धुन पर झूमता नजर आया।

भजन संध्या में मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री धीरज गुर्जर और पीसीसी सदस्य नीरज गुर्जर का नवयुवक मंडल द्वारा माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत भजन गायक प्यारेलाल गुर्जर ने गणपति वंदना से की और ÷आओ आओ रे मेरे प्यारे गजानंद महाराज हमारी सभा में रंग बरसाओ÷ जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। इसके बाद क्षवण सेन्दरी, भागचंद गुर्जर और मूलचंद गुर्जर ने भी मधुर भजनों की प्रस्तुति दी।

पूर्व राज्य मंत्री धीरज गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि वे हमेशा जनता की सेवा के लिए समर्पित रहेंगे और क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने देंगे। पीसीसी सदस्य नीरज गुर्जर ने भी क्षेत्रवासियों के प्रति अपने समर्पण की बात कही। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और देर रात तक श्याम भजनों का आनंद लिया।




# शाहपुरा में अज्ञात बदमाशों ने की कार में तोड़फोड़

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

शहर में रविवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने सड़क किनारे खड़ी एक आल्टो कार पर हमला कर उसके कांच तोड़ दिए और वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। यह घटना उदयभान गेट के पास उस समय हुई जब गाड़ी का मालिक घर के अंदर था।

पुलिस के अनुसार आल्टो कार शाहपुरा-अम्बेडकर विचार मंच संस्थान के जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र घुसर की है। घटना के समय वे घर पर थे। आवाज सुनकर जब परिजन बाहर आए, तब तक हमलावर मौके से भाग चुके थे।

आसपास की तलाशी में एक दुकान के बाहर शराब की बोतलें, बीड़ी-सिगरेट, पॉपकॉर्न और अन्य अवशेष मिले हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों ने पहले वहां शराब पी और फिर कार पर पत्थर फेंककर तोड़फोड़ की।

घुसर ने इस संबंध में पुलिस को रिपोर्ट देकर मामला दर्ज कराया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।




## QUICK BITES

### महुआ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकला

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में महुआ शाखा द्वारा रविवार को पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से दोपहर 3 बजे हुआ और संचलन कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ। पथ संचलन का कस्बे में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए पुलिस प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहा

### रामपाल चौधरी बने दिव्यांगजन उपकरण वितरण के जिला संयोजक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामपाल चौधरी को दिव्यांगजन उपकरण वितरण का जिला संयोजक घोषित किया।

इस अवसर पर योगेंद्र सिंह छापड़ेल, राधेश्याम कुमावत, गंगा धोबी और मनीष जांगिड़ को जिला सह-संयोजक नियुक्त किया गया।

### भीलवाड़ा में पौधारोपण योजना फेल, 12 लाख में से 25% भी नहीं बचे: पीपुल फॉर एनीमल्स ने उठाए सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**(पेसवानी)**- पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी और पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने राज्य सरकार के वन विभाग की पौधारोपण योजना पर गंभीर सवाल उठाए हैं। जाजू के अनुसार, पिछले पाँच वर्षों 2018-19 से 2022-23 में 12.34 लाख पौधे लगाने के लिए 37.89 करोड़ रुपये खर्च किए गए, लेकिन इनमें से 25 प्रतिशत भी जीवित नहीं रहे।

जाजू ने वन मंत्री संजय शर्मा को पत्र लिखकर बताया कि विभाग ने जितने पौधे लगाए जाने का दावा किया, वास्तविकता में उतने पौधे नहीं लगाए गए और उनकी देखरेख व सिंचाई भी नहीं हुई। उन्होंने वन विभाग पर आंकड़े फर्जी प्रस्तुत करने का भी आरोप लगाया।

जाजू ने मांग की कि पौधारोपण में हुई गड़बड़ियों की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो राज्य में पर्यावरणीय संतुलन पर गंभीर खतरा मंडराने लगेगा।

### ककरोलिया घांटी मार्ग पर रोडवेज बस सेवा बंद, ग्रामीण परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

कस्बे में भीलवाड़ा से वाया कोटड़ी-हाजीवास-ककरोलिया घांटी तक चलने वाली रोडवेज बस सेवा अचानक बंद होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग की बस सेवा पर दैनिक मजदूरी करने जाने वाले लोग, छात्र-छात्राएं और मरीज पूरी तरह निर्भर थे। बस सेवा बंद होने के कारण मजदूर समय पर अपने कार्यस्थल पर नहीं पहुंच पा रहे हैं, जबकि बीमार मरीजों को शहर तक ले जाने में अतिरिक्त खर्च और कठिनाई उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और रोडवेज विभाग से जल्द बस सेवा बहाल करने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### मत लेवे मारा सांवरा हेरो मारे थारे बराबर डेरों..

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):**- कस्बे के निकटवर्ती ड़साणिया का खेड़ा गांव में शनिवार रात्रि को एक शाम चारभुजा नाथ के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दी । आयोजक महावीर दास वैष्णव ने बताया कि शनिवार को एक शाम ड़साणिया का खेड़ा श्याम के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया । जिसमें भंवर दास वैष्णव ढ़ेलाणा, श्याम दास हाथीपुरा, भंवर दास खाचरोल, सांवरमल वैष्णव ढ़ेलाणा ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दी, जिस पर भक्तगण भाव विभोर होकर नाचे झूमने लगे । भजन संध्या भौंर तक चली, जिसमें भजनों की सरिता बही ।।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।